खण्ड-10 संख्या-5

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(कार्यवाही भाग-2, प्रश्नोत्तररहित)

सत्यमेव जयते

मंगलवार

तिथि 30 मार्च, 1993 ई०

सूचना दी कि बहुत बर्बादी हुई है उस इलाके में और इलाकों में भी हुई है। मैंने उसी समय कलक्टर को टेलीफोन किया और उन्होंने स्वीकार किया कि बहुत बड़ा नुकसान हुआ हैं। हम घोषणा करना चाहते हैं, बैंकों से भी बात करायी जा रही है कि किसान भाइयों को कैसे राहत दिया जाय, हम किसान भाइयों को राहत जो उचित है देंगे।

(व्यवधान)

**(ख) भुखमरी से राहत**

**श्री दिलीप राय :** महोदय, समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड के अन्तर्गत आगजनी से 200 घर जल गये हैं। इसमें अधिकांश पिछड़ी जाति, हरिजन और अल्पसंख्यक हैं। अभी तक उनको सरकार की ओर से कोई राहत मुहैया नहीं करायी जा रही है जिससे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मैं मुख्यमंत्रीजी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इसमें विशेष रुचि लेकर राहत दिलावें और वहाँ के गरीबों का कल्याण करावें।

(व्यवधान)

(इस अवसर पर झारखंड का नारा लगाते हुए आई॰ पी॰ एफ॰, झारखंड, जनता दल, के कतिपय मा॰ सदस्य सुधा वेश्म में चले आये)

**(ग) सरकारी सहायता एवं दोषी व्यक्तियों को सजा**

**श्री रंजीत सिंह :** गया जिला के अटरी और वजीरगंज प्रखण्ड में तूफान आने, ओले और पत्थरों के गिरने के कारण बर्बाद हो गयी है, सरकार इस के लिए सहायता दें ताकि जिन लोगों की फसल नुकासान हुई है उन्हें राहत मिले।

अध्यक्ष महादय, गया जिला के अटरी ओर वजीरगंज प्रखंड काम के नाम पैसे की लूट हो रही हे और वहाँ रुपया केवल कागज पर खर्च किया जा रहा है। इसकी जाँच की जाय और दोषी व्यक्तियों को सजा दी जाय।

**(घ) प्रबंधनिदेशक के विरुद्ध कारवाई**